>

Title: Need to declare Singhbhum in Jharkhand as drought prone area and sanction a financial package to meet the drought situation there.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : मैं केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में हर वर्ा आने वाली सूखे की स्थिति की तरफ दिलालाना चाहता हूं। मेरा क्षेत्र लगभग पूरी तरह से सिंचाई के लिए वर्ा पर निर्भर है, क्योंकि यहां बिजली का अभाव एवम् लोगों के पास आर्थिक संसाधन कम होने के कारण वर्ा न होने पर किसानों को अपने खेतों में सिंचाई से वंचित होना पड़ता है। फसल के न होने से यहां के गरीब किसानों को अत्यधिक परेशानी होती है। तालाब के सूखने से पशुओं को पानी नहीं मिल पाता है। इस साल भी वैसी ही स्थिति होनी थी। इसके लिए सूखे से राहत पहुंचाने हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम में उत्पन्न सूखे की स्थिति से सामना करने के लिए अभी से एक पैकेज उपलब्ध करवाना चाहिए।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड के सिंहभूम क्षेत्र को सूखा प्रवण क्षेत्र घोाित करके अभी से सूखे में गरीब एवम् आदिवासी लोगों के हित के लिए प्रबंध किए जाएं।